प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
19.10.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

मुख्य समाचार'

- लंका दहन के साथ अंतर्राष्ट्रीय कुल्लू दशहरा उत्सव सम्पन्न– मुख्यमंत्री ने की देवी–देवताओं के नजराने और बजंतरियों के मानदेय की वृद्धि की घोषणा।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा– प्रदेश की कांग्रेस सरकार का भ्रष्टाचार और तानाशाही रवैया राज्य के विकास में सबसे बड़ा रोड़ा।
- चार दिवसीय शिमला फ्लाईंग फेस्टिवल एंड हॉस्पिटैलिटी एक्सपो–2024 सम्पन्न– अमन थापा लगातार दूसरी बार बने विजेता
- सुहागिनों का पर्व करवाचौथ कल– बाजारों में खरीददारी के लिए उमड़ी भारी भीड़।

दशहरा

देश–विदेश में देव समागम व अपनी अनूठी संस्कृति के लिए विख्यात अंतर्राष्ट्रीय कुल्लू दशहरा उत्सव आज लंका दहन की रस्म के साथ संपन्न हो गया। भगवान रघुनाथ जी को दोपहर बाद उनके अस्थाई शिविर से रथ में बैठाकर लंका दहन के लिए ले–जाया गया। इस दौरान भगवान रघुनाथ के रथ के साथ दर्जनों देवी–देवता भी मौजूद रहे। लंका दहन की रस्म के बाद भगवान रघुनाथ अपने स्थाई निवास सुल्तानपुर लौट गए। 7 दिवसीय कुल्लू दशहरा उत्सव के दौरान जहां लोगों को राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय संस्कृति की झलक देखने को मिली वहीं इस उत्सव के दौरान करोड़ों रूपए का व्यापार भी हुआ। पेश है

अंतर्राष्ट्रीय कुल्लू दशहरा आज धूम–धाम के साथ सम्पन्न हो गया। समापन समारोह की अध्यक्षता मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने की। उन्होंने इस मौके पर देवी–देवताओं के नजराने में 5 प्रतिशत और बजंतरियों के मानदेय व दूरी भत्ते में 20–20 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी करने की घोषणा की। उन्होंने कुल्लू जिला के पिरड़ी में ब्यास नदी के लैफ्ट और राईट बैंक को जोड़ने के लिए लगभग 26 करोड़ रूपए की लागत से पुल बनाने की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि उन्होंने भूभू–जोत सुरंग का मामला प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय मंत्री नितिन गड़करी के समक्ष उठाया है। राज्य सरकार इस सुरंग के निर्माण के लिए हर संभव प्रयास कर रही है।उन्होंने मनाली के हरीपुर में मनाए जाने वाले दशहरा उत्सव के लिए सरकार की ओर से मिलने वाली धनराशि को बढ़ाकर 3 लाख रूपए करने की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुल्लू में 100 बिस्तर की क्षमता वाले मातृ व शिशु अस्पताल को सरकार सुदृढ़ करेगी ताकि जिला के लोगों को यहां बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सके।

मुख्यमंत्री ने देवी–देवताओं की पुरानी वेशभूषा, वाद्ययंत्रों की धुनों, रथों की सजावट और शिविरों की सुन्दरता व साफ–सफाई के लिए कारदारों को पुरस्कृत भी किया। इससे पूर्व उन्होंने भगवान रघुनाथ के शिविर में पूजा–अर्चना की और कुल्लू कार्निवाल को हरी झंडी दिखाई। मुख्यमत्री ने बाद में कुल्लू के भुतंर में एक सौ 2 करोड़ रूपए की विकास योजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास किए।

आकाशवाणी समाचार के लिए कुल्लू से आशीष शर्मा के साथ मैं रितेश कपूर।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज हमीरपुर और ज़िले के भोटा में सौंदर्यकरण कार्यों का लोकार्पण किया। इन कार्यों पर 2 करोड़ 30 लाख रूपये खर्च हुए हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री ने हमीरपुर बस अड्डे के सामने रानी झांसी की प्रतिमा का अनावरण किया। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर कहा कि सरकार हमीरपुर में विभिन्न स्थलों को सुंदर और आकर्षक बनाने के लिए काम कर रही है। उन्होंने ये भी कहा कि नया बस अड्डा बनने के बाद पुराने बस अड्डे पर एक बड़ा शॉपिंग कॉम्पलैक्स बनाया जाएगा।

जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार का भ्रष्टाचार और तानाशाही रवैया राज्य के विकास में रोड़ा बन गया है। जयराम ठाकुर ने आज शिमला में एक बयान में कहा कि यदि सुक्खू सरकार कॉस्ट कटिंग ही करना चाहती है तो वो मुख्य संसदीय सचिवों को हटाए न की बिजली बोर्ड के इंजीनियरों को। जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश के खजाने पर सी.पी.एस, ओ.एस.डी और कैबिनेट रैंक के साथ बनाए गए सलाहकार बोझ हैं इंजीनियर नहीं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू जनता की गाढ़ी कमाई के पैसों को अपने मित्रों की सुविधाओं पर उड़ा रहे हैं। उन्होंने सुक्खू सरकार को प्रदेश के विकास में सबसे बड़ी बाधा करार दिया और कहा कि इस सरकार में विकास के बजाए भ्रष्टाचार को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री को सलाह दी कि वह अपनी गलतियों को सुधारे क्योंकि विपक्ष पर हमलावर होने से प्रदेश का भला नहीं होगा। जयराम ठाकुर ने आज शिमला में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में हाटी छात्रा संघ के सांस्कृतिक कार्यक्रम में भी हिस्सा लिया।

अनिरूद्ध सिंह

ग्रामीण विकास और पंचायतीराज मंत्री अनिरूद्ध सिंह ने आज शिमला ज़िला के चौपाल विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत खगना के टिकरी नाला में पंचायत के एक सौ 35 परिवारों को सोलर लाईटें वितरित की। अनिरूद्ध सिंह ने इस मौके पर कहा कि इस क्षेत्र को सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करने के लिए सरकार कटिबद्ध है। उन्होंने कहा कि चौपाल विकास खंड में इस साल विकास कार्यों पर 17 करोड़ रूपये से अधिक की राशि खर्च की जा रही है। उन्होंने कहा कि चौपाल विकास खंड के तहत 8 पंचायत घरों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। उन्होंने खगना पंचायत घर के निर्माण के लिए 35 लाख रूपये देने की भी घोषणा की। अनिरूद्ध सिंह ने बाद में नेरवा में जोनल स्तरीय ठोडो प्रतियोगिता के समापन समारोह की अध्यक्षता भी की।

फ्लाईंग फेस्टिवल

चार दिवसीय शिमला फ्लाईंग फेस्टिवल एंड हॉस्पिटैलिटी एक्सपो–2024 आज जुन्गा में सम्पन्न हो गया। समापन समारोह की अध्यक्षता मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार नरेश चौहान और भोरंज के विधायक सुरेश कुमार ने संयुक्त रूप से की और प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया। फ्लाईंग

फेस्टिवल में नेपाल के अमन थापा लगातार दूसरी ओर विजेता बने। चंबा के खजियार के अक्षय कुमार दूसरे और धर्मशाला के मोहित कुमार तीसरे स्थान पर रहे। फ्लाईंग फेस्टिवल के आयोजक अरूण रावत ने कहा कि इस आयोजन में 40 से अधिक पैराग्लाईडरों ने हिस्सा लिया और फाइनल मुकाबले में 64 से अधिक उड़ानें भरी।

करवाचौथ

सुहागिनों का पर्व करवाचौथ कल धूमधाम से मनाया जाएगा। इस त्योहार को लेकर आज बाजारों में खरीददारी के लिए महिलाओं की भारी भीड़ उमड़ी। इस बार करवाचौथ के मौके पर शिमला के रिज मैदान पर चांद दीदार शाम 7 बजकर 47 मिनट पर होगा। इस बीच प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने करवाचौथ के मौके पर प्रदेश की महिलाओं को शुभकामनाएं दी हैं।

रोहित ठाकुर

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने भाजपा पर जुब्बल–कोटखाई विधानसभा क्षेत्र में अराजकता फैलाने का आरोप लगाया है। रोहित ठाकुर ने आज शिमला में पत्रकारों से बातचीत करते हुए भाजपा नेता चेतन बरागटा पर झूठ बोलने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि चेतन बरागटा आधारहीन बयानबाजी कर लोगों को गुमराह कर रहे हैं और साम्प्रदायिक माहौल खराब करना चाहते हैं।

कार्यशाला

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की मिशन निदेशक प्रियंका वर्मा ने स्वास्थ्य के लिए प्रभावी संचार के मुद्दों और टीबी मुक्त हिमाचल के मिशन में सभी हितधारकों को शामिल करने की आवश्यकता पर बल दिया है। प्रियंका वर्मा आज शिमला में राज्य टीबी सैल और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा टीबी उन्मूलन में मीडिया की भागीदारी विषय पर आयोजित कार्यशाला को संबोधित कर रही थी।

राज्य कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर रविंदर कुमार ने इस मौके पर टीबी नियंत्रण प्रयासों में विभिन्न हस्तक्षेपों की भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यशाला में वक्ताओं ने राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए राज्य में स्वास्थ्य प्रणालियों को मज़बूत करने के लिए उठाए गए कदमों की जानकारी भी दी। इस कार्यशाला का आयोजन द यूनियन अगेंस्ट टयूबरकुलोसिस के सहयोग से किया गया।

सर्वेक्षण

शिमला शहर में भूस्खलन और भूमि धंसने की विभिन्न घटनाओं का अध्ययन करने के लिए हिमाचल प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ड्रोन आधारित एल.आई.डी.ए.आर सर्वेक्षण करेगा। भारतीय भूविज्ञान सर्वेक्षण ने आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को इस संबंध में सुझाव दिया था। इसके बाद राज्य

आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने एक निजी कम्पनी के माध्यम सर्वेक्षण करवाने का फैसला किया है। ये ड्रोन सर्वेक्षण 21 अक्तूबर से 21 नवम्बर तक किया जाएगा। उपायुक्त अनुपम कश्यप ने कहा कि पिछले कुछ समय से शिमला शहर में भूस्खलन और भूमि धसने की घटनाओं में वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि ड्रोन आधारित सर्वेक्षण भौगोलिक विशेषताओं का पता लगाने के लिए लेजर सैंसर का इस्तेमाल करने की एक तकनीक है।

संगीत महोत्सव

भाषा एवं संस्कृति विभाग 22 से 24 अक्तूबर तक शिमला संगीत महोत्सव का आयोजन करेगा। इस महोत्सव के तहत सांस्कृतिक और साहित्यिक गतिविधियां आयोजित होगी। भाषा एवं संस्कृति विभाग के निदेशक पंकज ललित ने कहा कि इस आयोजन में अनेक विश्व प्रसिद्ध शास्त्रीय संगीत कलाकार भाग लेंगे।

ग्रीन पटाखे

ऊना ज़िला में केवल ग्रीन पटाखों की बिक्री, भण्डारण और उपयोग को ही अनुमति होगी। उपायुक्त जतिन लाल ने इस संबंध में आदेश जारी किए है। उन्होंने कहा कि ये निर्देश एन.जी.टी और सुप्रीम कोर्ट के आदेशों को पालन करते हुए जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा कि पटाखों की बिक्री करने वाले सभी लोगों को संबंधित एस.डी.एम से अस्थाई लाइसैंस लेना अनिवार्य है। उपायुक्त ने कहा ज़िले में त्योहारों के मौके पर पटाखों का उपयोग रात 8 बजे से 10 बजे की बीच ही किया जा सकेगा। उन्होंने सभी एस.डी.एम और पुलिस अधिकारियों को एन.जी.टी और सुप्रीम कोर्ट के आदेशों को कड़ाई से लागू करने के निर्देश भी दिए।

मुख्य समाचार एक बार फिर'

- लंका दहन के साथ अंर्तराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा उत्सव सम्पन्न– मुख्यमंत्री ने की देवी–देवताओं के नजराने और बजंतरियों के मानदेय की वृद्धि की घोषणा।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा– प्रदेश की कांग्रेस सरकार का भ्रष्टाचार और तानाशाही रवैया राज्य के विकास में सबसे बड़ा रोड़ा।
- चार दिवसीय शिमला फ्लाईंग फेस्टिवल एंड हॉस्पिटैलिटी एक्सपो–2024 सम्पन्न– अमन थापा लगातार दूसरी बार बने विजेता
- सुहागिनों का पर्व करवाचौथ कल– बाजारों में खरीददारी के लिए उमड़ी भारी भीड़।